पानी का बपतिस्मा

नूह और दूसरे जो आज्ञाकारी विश्वास के उदाहरण बने

प्रार्थना : "हे पिता हमें बपतिस्मे के द्वारा उन लोगों को जिन्हें आपने अपनी तरफ फेरा है और हमारी सहायता कीजिये। कृपया इस अध्ययन का उपयोग कीजिये ताकि सब विश्वासी पाप के लिये मरे और एक नये पवित्र और अनन्त जीवन बपतिस्मा के द्वारा जी सकें, जैसा कि आपने अपने वचन में आदेश दिया है।"

1. **अपने हृदयों को प्रार्थना और प्रभु वचन के साथ तैयार करें।**

मत्ती 3 में खोजिये:

- किन लोगों को बपतिस्मे की आवश्यकता है, आयत 1-6 *(उत्तर: बुरे लोगों को)*
- यूहन्ना ने उन धार्मिक लोगों को क्यों बुलाया जो समझते थे कि वह बपतिस्मे के लिये बहुत अच्छे हैं *(उत्तर: आयत 7)*
- यीशु ने बपतिस्मा क्यों ग्रहण किया जब कि उसको बपतिस्मे को आवश्यकता ही नहीं थी *(उत्तर: आयत 13-15, हर कार्य सही करने के लिये।)*

- पतरस यीशु के पून:र्जीवित शरीर को नूह के जहाज से आंकलित करता है। (1 पतरस 3:18-22)
- वैसे भी ना तो कोई बड़ी किश्ती या हवाई जहाज हमें स्वर्ग ले जा सकता है। जैसे नूह और उसका परिवार पुराने जहाज में बच गये थे, परमेश्वर हमें स्वर्ग में एक नया जीवन देता है क्योंकि हम यीशु के पून:र्जीवित शरीर में हैं।

रोमियो 6:1-14 में खोजिये:

- कौन से कार्य करने से परमेश्वर कहता है कि हम मर जायेंगे?
- हम बपतिस्मा में किसके साथ गाड़े जाते हैं जब हम पापों में मरते हैं?
- यीशु के साथ गाड़े जाने के बाद हम उसके साथ संगठित कैसे हैं?
- यीशु के साथ क्रूस पर क्या चढ़ाया जाता है, इसके पहले कि हम उसके पुन:र्जीवन में संगठित हों।
- हमारा पुराना मनुष्यत्व हमारा पुराना पापी स्वभाव जो कि यीशु के साथ क्रूस पर चढ़ाया गया उसके बाद हम अपने शरीर के अंगों को किस प्रकार के हथियार होने के लिये सौंपे आयत 6-14 के मुताबिक?

मत्ती 28:18-28 में खोजिये, मसीह के स्वर्ग में जाने से पहले अंतिम बड़ी सेवकार

- यीशु ने अपने अनुयायियों से चेले बनाने के विषय में क्या कहा (उत्तर: उन्हें बाप बेटे और पवित्रत्मा के नाम में बपतिस्मा दें और परमेश्वर को सारी आज्ञाओं को मानने के बारे में सिखायें।
- किसके अधिकार से हम नये विश्वासियों को बपतिस्मा दें। (उत्तर: आयत 18 यीशु के अधिकार से।)
- कौन से मुख्य समूह में से चेले बनायें? (उत्तर: आयत 19 सभी प्रकार के लोगों के समूह)

प्रेरितों के काम 2:37-47 में खोजिये

- पतरस ने लोगों से क्या करने को कहा जब उन्हें उसका संदेश मिला। (उत्तर: आयतें 37,38)
- दो आशीषें जो पतरस ने पश्चात्तापी और बपतिस्मा लिये हुये लोगों से प्रतिज्ञा की (उत्तर: आयत 38)
- कितनी जल्दी चेलों ने उन लोगों को जिन्होंने मसीह को ग्रहण किया बपतिस्मा दिया और अपनी कलीसिया में शामिल किया (उत्तर आयत 41-42)
- नया बपतिस्मा पाये हुये लोगों ने एकदम क्या करना शुरू किया (उत्तर: आयत 42)

प्रेरितों के काम 16:13-40 में खोजिये:

- दो लोग जिनके परिवारों ने यीशु में विश्वास लाने के बाद उनसे मिले और बपतिस्मा लिया (उत्तर: आयत 13-15 और 25-31)
- हम एक बार में ही उस परिवार के लोगों के पास जाने की कोशिश क्यों करते हैं जिन्होंने यीशु को जानने की इच्छा जाहिर की (उत्तर: आयत 31 और प्रेरितों के काम 18:8 एक और परिवार का उदाहरण बताता है जिसमें पूरे परिवार ने बपतिस्मा लिया।)

2. सहकर्मियों के साथ सप्ताह की क्रियाओं की योजना बनायें।

नये विश्वासियों को बपतिस्मे के लिये तैयार करें जो कि अब तक यीशु को इस मार्ग के द्वारा मानने से आकर्षित नहीं है।

नये विश्वासियों के पास जाइये जो अभी तक बपतिस्मे की आवश्यकता नहीं समझते। उन्हें समझाये और उनके बपतिस्मे की तैयारी कीजिये।

जब आप लोगों को शुभ समाचार सुनाते हैं, तब उन्हें समझाये कि उन्हें अपने पुराने विश्वासों और जीवन के बुरे मार्गों से मुड़ना पड़ेगा और मसीह में एक नया जन्म जीना होगा। बपतिस्मे को आवश्यकता को बिना देरी किये उनके विश्वास और पश्चात्ताप को पक्का कीजिये।

अगर बपतिस्मा देना लोगों के बीच में खतरनाक है तो उन्हें अकेले में बपतिस्मा दें जैसे फिलिप्पुस ने एक हथियोपियन को दिया (प्रेरितों के काम 8:27-40) और पौलुस ने फिलिप्पी जेवर और उसके परिवार को दिया (प्रेरितों के काम 16:29-34)

अपने बपतिस्मे के समय कुछ लोग अपना नाम परिवर्तित करना चाहते हैं।

3. आने वाली आराधना समय की योजना बनायें।

उन क्रियाओं को चुनिये जो इस समय की आवश्यकता और स्थानीय रीतियों को पूरी करें।

उनको समझाएँ कि हमें यीशु की आज्ञा मानना है जैसे नूह ने परमेश्वर की आज्ञा को माना जब उसने उस जहाज को बनाया (देखें भाग1)

नूह की कहानी को छोटा करके दोहराएँ जो पाई जाती है उत्पति के अध्यायों में 6-9

यीशु का पून:र्जीवित शरीर नूह के जहाज के समाने कैसे हैं समझाएँ।

बच्चों को नूह का नाटक श्रोताओं के सामने प्रस्तुत करने दें हो सकता है उन्होंने श्रोताओं से पूछने के लिये प्रश्न भी तैयार किये हों।

रोमियो 6:1-14 में से समझाएँ कि हम बपतिस्मे में मरते हैं और एक नये जीवन में मसीह के साथ जिन्दा होते हैं (देखें भाग 1)

मत्ती अध्ययन 3 में से यहून्ना बपतिस्मा देने वाले के बारे में बतायें (देखें भाग 1)

- यूहन्ना ने कुछ धार्मिक लोगों को बपतिस्मा देने के लिये मना कर दिया, परन्तु बहुत बुरे लोगों को बपतिस्मा दिया
- यीशु का बपतिस्मा क्यों हुआ।

यीशु ने कैसे समझाया कि हमें चेले कैसे बनाना है, **(मत्ती 28:18-20)** (भाग 1 देखें)

पतरस ने उन लोगों को क्या समझाया जो उद्धार पाने की खोज में हैं, **प्रेरितों के काम 2:37-41** (देखें भाग 1)

समझाएँ किस तरह चेलों ने पूर्ण परिवारों को बपतिस्मा दिया, **प्रेरितों के काम 16:31** और हमें एक दम उस परिवार के पास क्यों पहुँचना है जो कि यीशु को जानना चाहते हैं (देखें भाग 1)

प्रभु भोज के विषय में बताने के लिये पढ़ें उत्पति 8:14-22 और समझाएँ कि नूह का नया संसार एक निर्दोष प्राणी के लहू की बलि के साथ आरम्भ हुआ। यीशु का क्रूस पर बलिदान इस आश्यकता को पूरा करता है।

याद कीजिये प्रेरितो के काम 2:28

बतायें या करके दिखायें स्वार्गिय सेनापति जनरल नामान की कहानी जो पाई जाती है 2 राजा 5।

- बताएँ कैसे उसने परमेश्वर की आज्ञा मानना सीखा।
- समझाएँ कि बपतिस्मे में पानी हमारे पापों को नहीं धोता और न ही यरदन नदी का पानी जिसने नामान के कोढ़ को धो दिया। परमेश्वर ने किया।

Copyright 2004 © by Paul-Timothy. May be freely copied. Download from www.Paul-Timothy.net